एन. ई. एस. शिक्षा महाविद्यालय, होशंगाबाद

राष्ट्रीय सेवा योजना (जन जागरूकता अभियान)

एनईएस शिक्षा महाविद्यालय में स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य व महत्व बताया, स्वयं सेवकों ने बुधवाड़ा ग्राम में वैक्सीनेशन लगवाने जागरूकता रैली निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶होशंगाबाद

राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस के अवसर पर एनईएस शिक्षा महाविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद जी के छाया चित्र पर माल्यार्पण की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ ज्योत्स्ना खरे द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधि के विषय में विस्तार से बताया।

उन्होंने सभी छात्र छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़ने के लिए उत्साहित किया साथ ही पंडित रामलाल शर्मा शिक्षा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रिंस जैन द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य एवं महत्व के बारे में बताया गया तथा महाविद्यालय के स्वयं सेवकों द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना की आवश्यकता एवं उद्देश्य को बताया साथ ही महाविद्यालय के स्वयंसेवकों द्वारा गोद ग्राम बुधवाड़ा जाकर जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत कोविड-19 के वैक्सीनेशन के महत्व को बताया एवं एक रैली का आयोजन किया इस अवसर पर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी प्रवीण मीणा एवं रविशंकर मिश्रा तथा प्राध्यापक डॉ कनक पाठक, ज्योति तिवारी एवं सीमा सक्सेना, अंजू सक्सेना, स्वाति सराफ डॉ विनीता शुक्ला एवं स्टाफ उपस्थित रहा।

राष्ट्रीय सेवा योजना

आजादी का अमृत महोत्सव

सिंगल यूज प्लास्टिक एकत्रीकरण कार्यक्रम

एनईएस शिक्षा महाविद्यालय के एन एस एस के स्वयंसेवकों ने चलाया स्वच्छता अभियान

स्वतंत्र समय, होशंगाबाद।

ज्योत्स्ना खरे प्राचार्य एनईएस शिक्षा महाविद्यालय होशंगाबाद के निर्देशन में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 21 तक स्वच्छ भारत अभियान के तहत बुधवार को महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ज्योत्स्ना खरे एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी रविशंकर मिश्रा एवं प्रवीण मीना के निर्देशन में स्वयं सेवकों द्वारा गोद ग्राम बुधवाड़ा में सिंगल यूज प्लास्टिक का एकत्रीकरण किया गया और नारे लगाकर प्लास्टिक इस्तेमाल ना करने हेतु प्रेरित किया गया। महाविद्यालय के सभी स्वयं सेवकों द्वारा प्लास्टिक उपयोग ना करने की सलाह दी गई। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रध्यापक, डॉ. कनक पाठक, श्रीमती ज्योति तिवारी, कु.साधना रैकवार तथा स्टॉफ एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे। साथ ही एनईएस महाविद्यालय होशंगाबाद बुधबाड़ा परिसर में भी सिंगल यूज़ प्लास्टिक का एकत्रीकरण स्वयंसेवकों द्वारा किया गया।

दिनांक => 23-10-2021

दिनांक - 01 दिसम्बर 2021

Scanned with OKEN Scanner